आकाशवाणी शिमला
09.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज आई.जी.एम.सी. शिमला में नए ओपीडी ब्लॉक में आपातकालीन और ट्रॉमा सेंटर का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए कांग्रेस सरकार लगातार काम कर रही है जबकि पूर्व भाजपा सरकार ने इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आरोप लगाया कि पूर्व सरकार ने चुनाव के समय आधे अधूरे भवनों व कार्यों के उदघाटन व शिलान्यास किए। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को झूठ बोलने की आदत हो गई है और वे टॉयलेट टैक्स की बातें कर लोगों को गुमराह कर रहे हैं जबकि राज्य सरकार ने ऐसा कोई भी टैक्स नहीं लगाया है।

बैठक

इस बीच मुख्यमंत्री ने 13 से 19 अक्तूबर तक आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय दशहरा उत्सव के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। शिमला में दशहरा उत्सव के आयोजन की तैयारियों को लेकर एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक दल कुल्लू दशहरे का मुख्य आकर्षण होंगे और आयोजन में लगभग 20 अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक दलों के भाग लेने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिगत तीन सौ गृहरक्षक और 8 सौ 70 पुलिस कर्मी तैनात किए जाएंगे।

विक्रमादित्य

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज मंडी शहर में कैम्प कार्यालय का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान लोगों से किए वायदों को आज पूरा कर दिया गया है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि कैम्प कार्यालय उन्होंने निजी संसाधनों से खोला है और मण्डी संसदीय क्षेत्र के साथ–साथ प्रदेश के लोग भी अपनी समस्याएं यहां रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यालय में प्राप्त समस्याओं को समाधान के लिए तुरंत शिमला भेजा जाएगा। इससे लोगों को अपने कार्य के लिए शिमला नहीं आना पड़ेगा। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि विकास कार्यों में वे सांसद कंगना रणौत का सहयोग करते रहेंगे और दलगत राजनीति से उपर उठकर हिमाचल के विकास को आगे ले जाना उनकी प्राथमिकता है। इस अवसर पर पूर्व सांसद व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

अनिरूद्ध

ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने आज शिमला जिला के नारकंडा में खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने ठियोग अस्पताल को जिला अस्पताल और कुमारसैन अस्पताल को आदर्श अस्पताल बनाने की घोषणा की। अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अब पंचायत भवन के निर्माण के लिए राशि बढ़ाकर एक करोड़ 14 लाख रूपए कर दी है। इस दौरान उन्होंने नारकंडा में हिमईरा कॉम्पलेक्स बनाने का भी ऐलान किया ताकि क्षेत्र की महिलाओं को उनके उत्पाद की बिक्री के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने नशे की बढ़ती प्रवृति को खत्म करने के लिए सांझे प्रयासों की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि महिलाओं की आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया जाएगा।

किशोरी लाल

मुख्य संसदीय सचिव किशोरी लाल ने कहा है कि प्रदेश के लोगों को प्रचुर मात्रा में शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में आज उन्होंने बैजनाथ स्थित चौबीन चौक में रीयल टाइम ड्रिंकिंग वाटर मॉनिटरिंग सिस्टम लोगों को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि पेयजल की आपूर्ति की शुद्धता व गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए उपभोक्ताओं को शुद्ध पेयजल आपूर्ति प्रणाली पर 15 लाख व्यय किये गये हैं।

नवरात्र

शारदीय नवरात्र पर आज माँ दुर्गा के सातवें स्वरूप कालरात्रि की पूजा अर्चना की जा रही है। प्रदेश में स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठों सहित अन्य धार्मिक स्थलों में श्रद्धालु सुबह से ही शीश नवा रहे हैं। नवरात्र के उपलक्ष्य में सभी शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में भजन–कीर्तन से माहौल भक्तिमय बना हुआ है और धार्मिक कार्यक्रमों के अलावा भंडारे का आयोजन भी किया जा रहा है।

रिवर रॉफ्टिंग

अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण संस्थान मनाली द्वारा कुल्लू जिला के पिरड़ी में ब्यास नदी में 14 दिवसीय रिवर रॉफ्टिंग प्रशिक्षण कोर्स आयोजित किया गया है। इस कोर्स में स्थानीय युवाओं के अलावा अन्य राज्यों अरूणाचल, हैदराबाद और पड़ोसी देश नेपाल से आए कुल 35 युवा रिवर रॉफ्टिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। रॉफ्टिंग शिविर में युवाओं को रॉफ्ट पलटने के बाद बचाव की तकनीकी शिक्षा प्रदान की जा रही है।

डाक विभाग

डाक विभाग सोलन द्वारा राष्ट्रीय डाक सप्ताह के अंतर्गत 'फिट इंडिया फिट पोस्ट' अभियान के तहत आज 'पोस्टाथन वॉक रिले' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डाक अधीक्षक संदीप धर्माणी ने पोस्टाथन के माध्यम से दैनिक जीवन में फिटनेस को शामिल करने संबंधी संदेश दिया। इसके अतिरिक्त 'एक पेड़ मां के नाम' थीम के तहत सभी प्रमुख डाकघरों में वृक्षारोपण अभियान भी चलाया गया। इस अवसर पर डाक विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

————————————————————————————————————